हिन्दी

अध्याय-1: गुड़िया

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

-कुंवर नारायण

NCERT SOLUTIONS

कविता से प्रश्न (पृष्ठ संख्या 2)

प्रश्न 1 गुड़िया को कौन, कहाँ से और क्यों लाया है?

उत्तर- कवि गुड़िया को लेकर आया था। मेले में एक बुढिया उसे बेच रही थी कवि को वह गुड़िया अच्छी लगी और उसने वह गुड़िया मोल भाव करके उससे खरीद ली।

प्रश्न 2 कविता में जिस गुड़िया की चर्चा है वह कैसी है?

उत्तर- कविता में चर्चित गुड़िया बहुत प्यारी है वह अपनी आँखें खोल सकती है, पिया-पिया बोल सकती है। उसकी काली–काली ऑखें हैं वह सितारों से जड़ी चुनरी पहने हैं वह बहुत सुन्दर लग रही है।

प्रश्न 3 कवि ने अपनी गुड़िया के बारे में अनेक बातें बताई हैं। उनमें से कोई दो बातें लिखो।

उत्तर- कवि ने अपनी गुड़िया के बारें में यह बताया है कि यह ऑखें मूंद सकती है, पिया-पिया बोल सकती है। इसने लाल रंग की चुनरी पहनी है यह बहुत सुन्दर है इसे मैं अपनी अलमारी में सजाकर रखूगा।

तुम्हारी बात प्रश्न (पृष्ठ संख्या 3)

प्रश्न 1 "खेल-खिलौनों की दुनिया में तुमको परी बनाउँगा।" बचपन में तुम भी बहुत से खिलौनों से खेले होगे। अपने किसी खिलौने के बारे में बताओ।

उत्तर- बचपन में हम भी गुड़िया से खेलते थे। उसके लिए कपड़े बनाते थे। उनके रहने के लिए छोटा-से बक्से से घर बनाते थे। घर के अंदर तरह-तरह के छोटे-छोटे सामान लाकर रखते थे। गुड्डे तथा गुड़िया को सजाते थे।कभी-कभी तो सभी बच्चे दो भागों में बँट जाते थे और उनके विवाह

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541

आदि भी करवाते थे। एक पक्ष गुड्डेवाले का होता था और दूसरा पक्ष गुड़ियावाले का। हम सब मिलकर उनका विवाह आदि करवाते थे।

प्रश्न 2 "मोल-भाव करके लाया हूँ। ठोक-बजाकर देख लिया।" अगर तुम्हें अपने लिए कोई खिलौना खरीदना हो तो तुम कौन-कौन सी बातें ध्यान में रखोगे?

उत्तर- अगर हमें अपने लिए कोई खिलौना खरीदना हो, तो हम देखेंगे कि वह अच्छा व उपयोगी है या नहीं। कहीं से टूटा-फूटा तो नहीं है। खिलौनेवाला जितने पैसे माँग रहा है, उस हिसाब से वह ठीक भी है। यदि नहीं तो मोल-भाव करेंगे और खिलौना कितने दिन चल तक सकता है, यह भी देखना ज़रूरी है।

प्रश्न 3 "मेले से लाया हूँ इसको छोटी-सी प्यारी गुड़िया" यदि तुम मेले में जाओगे तो क्या खरीदकर लाना चाहोगे और क्यों?

उत्तर- मेले में जाकर हमें जो कुछ अच्छा लगेगा और जो हमारे लिए उपयोगी होगा हम वही खरीदेंगे।

में और हम प्रश्न (पृष्ठ संख्या 128)

प्रश्न 1 मैं मेले से लाया हूँ इसको

हम मेले से लाए हैं इसको

ऊपर हमने देखा कि यदि 'मैं' के स्थान पर 'हम' रख दें तो हमें वाक्य में कुछ और शब्द भी बदलने पड़ जाते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए दिए गए वाक्यों को बदलकर लिखो।

मैं आठवीं कक्षा में पढ़ती हूँ।

हम आठवीं कक्षा ....।

उत्तर- हम आठवीं कक्षा में पढ़ते हैं।

प्रश्न 2 मैं जब मेले में जा रहा था तब बारिश होने लगी।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

...................................।

उत्तर- जब हम मेले जा रहे थे तभी बारिश होने लगी।

प्रश्न 3 मैं तुम्हें कुछ नहीं बताऊँगी।

....।

उत्तर- हम तुम्हे कुछ नहीं बताएंगे।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)